**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 24 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों के लिए कल मतदान होगा। इनमें हरियाणा की सभी दस सीट, बिहार की आठ, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इस चरण में कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं।

कल शाम से हरियाणा में प्रचार थम गया है। इस बार 10 लोकसभा सीटों के लिए 223 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है प्रदेश मे मतदान कल होगा जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है।

.........................................................................

हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान लगातार अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगदी पकड़ी जा रही है, अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 18.56 करोड़ रुपये की नकद राशि के साथ – साथ 56.88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, व अन्य कीमती वस्तुएं जब्त की जा चुकी है। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75.44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा आम चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, व कीमती वस्तुएं जब्त की गई थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभी तक मुख्य रूप से पुलिस द्वारा 693.66 लाख रुपये, आयकर विभाग द्वारा 873.78 लाख रुपये

तथा डीआरआई द्वारा 278 लाख रुपये की नगद राशि जब्त की गई है। इसके अलावा अन्य एजेंसियों द्वारा भी नगदी पकड़ी गई है।

.......................................................................

दिल्ली जम्मु नेशनल हाईवे पर आज अंबाला के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हो गए।

हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं से भरी मिनीबस, युपी के बुलंदशहर से माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए जा रही थी और ब्रेक न लगने के कारण घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

.......................................................................

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा लोकनीति-सीएसडीएस विकासशील समाज अध्ययन केंद्र, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में-सामाजिक और राजनीतिक बैरोमीटर अध्ययन 2024 विषय पर कल संचार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य संबंधित इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज को प्रभावित करने वाले विविध कारकों का अध्ययन करना है। इस हेतु क्षेत्र अन्वेषको को हरियाणा के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में भेजा जाएगा और वे आम आदमी से बात कर के लोकसभा चुनाव 2024 की पृष्ठभूमि में विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक-आर्थिक पहलुओं के बारे में आंकड़े जुटाएंगे। उन्होंने बताया की इस कार्यशाला में स्पेशल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई, जिसमें पत्रकारिता सहित विभिन्न विभागों के लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

.......................................................................

मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के ज्यादातर भागों और दिल्ली में कहीं-कहीं सोमवार तक भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया

है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रविवार और सोमवार को भीषण गर्मी रहेगी। कोंकण और गोवा में आज तथा असम में कल मौसम गर्म और नर्म बना रहेगा।

इस बीच बंगाल की खाड़ी के कुछ और भागों, अंडमान-निकोबार दीप समूह के शेष भागों, अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य भागों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थिति अनुकूल है।

..........................................................................

दिल्ली, फरीदाबाद और गुडगांव में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल शराब की दुकानें बंद रहेंगी। दुकानें शनिवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान लाइसेंस प्राप्त रेस्टोरेंट और बार में भी शराब पर पाबंदी होगी। अगले महीने की चार तारीख को होने वाली मतगणना के दौरान भी इन इलाकों में शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

..........................................................................